# महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय

MAHARSHI PANINI SANSKRIT EVAM VEDIC VISHWAVIDYALAYA

NAAC द्वारा A ग्रेड मान्यता प्राप्त

देवास मार्ग, उज्जैन (मध्य-प्रदेश) 456010

Website– www.mpsvv.ac.in E-mail:- regpsvvmp@rediffmail.com , mppsvv.paniniya@gmail.com


क्र. / मपासंविवि/ / 25 /1250 दिनांक :06/01 / 2026

## ।। शोधपत्र आमन्त्रण सूचना ।।

माननीय कुलगुरु जी की अध्यक्षता में सम्पादक मण्डल की बैठक दिनांक 20. 09. 2025 में लिए गए निर्णय के अनुसार महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन की त्रैमासिक सान्दर्भिक पुनरीक्षित शोधपत्रिका **पाणिनीया ISSN-2321-7626, (PEER REVIEWED JOURNAL** तथा **UGC CARE LISTED)** में प्रकाशन हेतु शोध अध्येताओं एवं अन्य विषय विशेषज्ञ विद्वानों से संस्कृत पारम्परिक शास्त्र/भाषा/कला/मानविकी/ भारतीय ज्ञानपरम्परा से सम्बद्ध विषयों पर केन्द्रित, संस्कृत/हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में लिखित शोधपत्र निम्नलिखित निर्देशो के अनुक्रम में आमंत्रित किये जाते हैं-

### 1. वार्षिक सदस्यता सम्बन्धी निर्देश :-

i. पाणिनीया शोधपत्रिका व्यावसायिक पत्रिका नहीं है, अत: लेखक को पत्रिका की वार्षिक सदस्यता ग्रहण करना अनिवार्य होगा।

ii. वार्षिक सदस्यता अवधि की गणना सदस्यता शुल्क जमा तिथि से आरम्भ कर 01 वर्ष तक मान्य की जायेगी।

iii. शोधपत्र प्रकाशित करने के लिए लेखक को **"वार्षिक सदस्यता प्रपत्र एवं अभिवचन पत्र"** भरकर प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

iv. शोधपत्र में लेखक के साथ सहलेखक की संख्या एक से अधिक नहीं होनी चाहिए।

v. शोधपत्र का प्रकाशन शोधपत्र की प्रकाशन योग्यता/पुनरीक्षण समिति की अनुशंसा पर निर्भर करेगा।

vi. सदस्यता ग्रहण करना शोधपत्र प्रकाशित किये जाने का अधिकार नहीं है। शोधपत्र का प्रकाशन पूर्णत: नि:शुल्क है।

vii. शोधपत्र तथा सदस्यता एवं अभिवचनपत्र ई-मेल mpsvv.paniniya@gmail.com पर ही स्वीकार किया जायेगा।

viii. शोधपत्रों का प्रकाशन पूर्व परीक्षण ड्रिलबिट् (DrillBit) प्लेगरिज्म साफ्टवेयर से किया जायेगा।

ix. शोधपत्रिका प्रकाशित होते ही, उसकी साफ्टकापी प्रदत्त ई.मेल पर प्रेषित की जायेगी।

x. ऐसी शैक्षणिक संस्थायें जिनके द्वारा शोध-पत्रिकाएं प्रकाशित की जा रही हैं, उनसे परस्पर शोध-पत्रिकाओं का नि:शुल्क आदान-प्रदान किया जायेगा। इसके लिए सम्बन्धित संस्था से उक्त आशय का समझौता करना आवश्यक होगा।

xi. सम्बन्धित क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त विशिष्ट विद्वान् द्वारा प्रेषित शोधपत्र को माननीय कुलगुरु जी की अनुमति से नि:शुल्क प्रकाशित किया जा सकेगा।

xii. शोधपत्रिका प्रकाशन हेतु आवश्यक नियम एवं निर्देश तथा वार्षिक सदस्यता तथा अभिवचन पत्र एवं पुरातन अंक विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.mpsvv.ac.in पर प्रकाशन भाग में अपलोड है।

### 2. शोधपत्र लेखन सम्बन्धी निर्देश :-

**i. शोधपत्र की शब्द सीमा –**

शोधपत्र की शब्द सीमा 1000 से 1200 शब्द अथवा अधिकतम 5 से 7 पृष्ठों मे होना चाहिये।

ii. **शोधपत्र लेखन का प्रारूप –**

- शोधपत्र का शीर्षक
- लेखक/सहलेख का नाम (शीर्षक के दायीं ओर)
- शोधपत्र सारांश
- कुंजी शब्द
- भूमिका/प्रस्तावना
- विषय प्रवर्तन (उपशीर्षकों सहित)
- उपसंहार/निष्कर्ष
- पाद टिप्पणी/सन्दर्भ लेखन

iii. **सन्दर्भलेखन प्रारूप :-**

लेखक का नाम, ग्रन्थ का नाम, अध्याय, श्लोकसंख्या, प्रकाशक एवं प्रकाशनवर्ष

iv. **सहायक ग्रन्थ सूची प्रारूप :-**

ग्रन्थ का नाम, ग्रन्थकार/सम्पादक/अनुवादक/टीकाकार/व्याख्याकार का नाम, प्रकाशक का नाम, प्रकाशन स्थान एवं प्रकाशनवर्ष।

v. **टंकण प्रारूप :-**

शोधपत्र A4 Size Paper, यूनिकोड फॉण्ट (संस्कृत, हिन्दी), फॉण्ट साइज 14 तथा अंग्रेजी में Times New Roman फॉण्ट साइज 12 में शुद्ध रूप से टंकित होना चाहिए। Word File के साथ पीडीएफ भी संलग्न कर शोधपत्रिका के ई-मेल mpsvv.paniniya@gmail.com पर प्रेषित करना होगा।

**3. सदस्यता शुल्कविवरण :-**

| | | |
|---|---|---|
| क. प्राध्यापक के लिए - वार्षिक सदस्यता शुल्क | - | 1500/- |
| ख. वि. वि. में कार्यरत प्राध्यापक के लिए | - | 1000/- |
| ग. शोधच्छात्रों के लिए | - | 800/- |
| घ. वि.वि. में शोधकार्यरत शोधछात्रों के लिए | - | 500/- |
| ङ. संस्था/पुस्तकालय के लिए | - | 2000/- |
| च. उक्त के अतिरिक्त अन्य के लिए | - | 2000/- |

उक्त शुल्क में डाकव्यय प्रेषण शुल्क सम्मिलित नहीं है।

**4. सदस्यता शुल्क भुगतान सम्बन्धी निर्देश :-**

1. भुगतान हेतु सदस्यता शुल्क का अन्तरण विश्वविद्यालय के खाते में NEFT/ONLINE TRANSFER/BHIM UPI अथवा अन्य ऑनलाइन माध्यम से भी किया जा सकता है। बैंक का विवरण अधोलिखित है –

| | | |
|---|---|---|
| **बैंक का नाम** | - | **BANK OF INDIA, Dashara Maidan, Ujjain** |
| **खाताधारक का नाम** | - | **Registrar, Maharshi Panini Sanskrit Evam Vedic Vishwavidyalaya, Ujjain (M.P.)** |
| **खाता क्रमांक** | - | **910310210000161** |
| **IFSC CODE** | - | **BKID0009103** |

सदस्यता शुल्क का भुगतान विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.mpsvv.ac.in पर प्रदर्शित भुगतान कॉलम में प्रदत्त प्रक्रिया का पालन करते हुए भी किया जा सकता है।

2. भुगतान पूर्ण होने पर सदस्यता पत्र एवं अभिवचन पत्र सुवाच्य शब्दों में भरें तथा भुगतान की जानकारी अंकित कर mpsvv.paniniya@gmail.com पर हस्ताक्षरित प्रति ई-मेल करें।
3. अन्य किसी आवश्यक जानकारी एवं सहायता के लिए पत्रिका के प्रबन्ध सम्पादक डॉ. तुलसीदास परौहा के दूरभाष क्रमांक 9479479986 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

6/1/26

कुलसचिव